क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.),भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 26-09-2018 को अपराह्न 4:00 बजे प्रो. प्रकाश चंद्र अग्रवाल, प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित की गयी 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :

1. प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. प्रीतीश आचार्य, अध्यक्ष, सा.वि.मा.शि. विभाग
3. प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य
4. प्रो. गौरम्मा आई. पी., वार्डन, गोपबंधु छात्रावास
5. डॉ. रश्मि रेखा सेठी , वार्डन, रामानुजन छात्रावास
6. डॉ. एलिज़ाबेथ गंगमई, वार्डन, आशुतोष छात्रावास
7. डॉ. पुष्पलता नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष
8. श्रीमती पद्मजा प्रधान , स्नातकोत्तर प्रशिक्षित हिन्दी अध्यापक
9. श्री पंकज कुमार मिश्र , प्रशिक्षित हिन्दी अध्यापक
10. श्रीमती उषा कपूर, प्रशासनिक अधिकारी
11. श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना)
12. श्रीमती रूपाघोष, प्रवर श्रेणी लिपिक

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि दि. 14.06.18 को आयोजित की गयी 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त, समिति के समस्त सदस्यों के साथ-साथ प्रभारी हिंदी प्रकोष्ठ, एन.सी.ई.आर.टी, नई दिल्ली को भेज दिया गया है। उन्होंने सूचित किया पिछली बैठक में हुई चर्चा के अनुरूप कि डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन पर हिंदी में विचार प्रदर्शित किया जाने लगा है । इसके अतिरिक्त संस्थान की वेबसाइट को अभी द्विभाषी किया जाना अपेक्षित है ।

(कृ.प.उ.

सदस्यों को जानकारी दी गयी कि संस्थान में 7 से 24 सितम्बर, 2018 तक 'हिन्दी पखवाड़ा समारोह' मनाया गया जिसका संयोजन श्री पंकज कुमार मिश्र ने किया। श्री पंकज मिश्र ने सूचित किया कि इस अवधि में दि. 7 सितम्बर को समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि श्री हेमंत तिवारी , प्रभारी संपादक, सन्मार्ग , हिन्दी दैनिक ने किया । दि. 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर एक 'कवि – सम्मलेन' आयोजित हुआ जिसमें कर्मचारियों – विद्यार्थियों ने स्वरचित कविताएं पढ़ीं । हिन्दी पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों (हिन्दी भाषी और हिन्दीतर) , विद्यार्थियों के स्तर पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं । दि. 24 सितम्बर को इस समारोह का समापन - कार्यक्रम हुआ जिसमें श्री अशोक पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय, पोखरीपुट, मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य , प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल ने की । श्री पंकज मिश्र से कहा गया कि इस बार 'समवेत' का प्रकाशन यथाशीघ्र किया जाए । श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना) ने सदस्यों को सूचित किया कि जिन विभागों/ अनुभागों से द्विभाषी (हिंदी-अँग्रेज़ी) मोहरें तैयार करने की मांग आयी थी, उसके अनुरूप सभी मोहरें द्विभाषी रूप में तैयार हो गयी हैं। सदस्यों को अवगत कराया गया कि पिछली बैठक में हुए प्रस्ताव के अनुरूप संस्थान में हिंदी टाइप करने के लिए सुश्री पूर्णिमा सिंह, अवर श्रेणी लिपिक और श्री जितेन्द्र सतपथी, अवर श्रेणी लिपिक की सेवाएँ लेने संबंधी आदेश प्रशासनिक अधिकारी महोदया द्वारा जारी किया जा चुका है ।

श्रीमती पद्मजा प्रधान स्नातकोत्तर प्रशिक्षित हिन्दी अध्यापक ने सेवानिवृति के पूर्व अपने शैक्षिक/ अध्यापकीय अनुभवों को व्यक्त किया ।

प्रो. प्रकाशचंद्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए और राजभाषा संबंधी दिशा - निर्देशों के पालन का प्रयास करना चाहिए । 'डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड' पर कार्यालयी शब्द ,वाक्यांश ,टिप्पणियाँ द्विभाषी रूप में प्रदर्शित करने की संभावना पर भी विचार किया जाए । उन्होंने सुझाव दिया कि 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' के सदस्यों को इस बैठक की सूचना पहुँचाने हेतु एक **'वहाट्सअप ग्रुप'(Whatsapp Group)** बनाया जाए जिसमें इस समिति के सभी सदस्य सम्मिलित हों । उन्होंने यह भी कहा कि 'हिन्दी पखवाड़ा समारोह 2019' में एक 'हास्य कवि-सम्मलेन' का आयोजन करने पर विचार किया जा सकता है जिसमें बाहर से हास्य कवि आमंत्रित किये जा सकते हैं । अंत में, डॉ. रश्मि रेखा सेठी ने सदस्यों को उनकी सक्रिय प्रतिभागिता हेतु धन्यवाद दिया ।

प्राचार्य 29.10.18

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.)ज्ञापन सं.

प्रति प्रेषित: :

1.राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को। 2.परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ के प्रभारी को।

3.प्राचार्य के सहायक कार्यक्रम समन्वयक को। 4. कार्यालय प्रति।